Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 5:21 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:31 बजे


सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी वर्ष 18 अंक 128 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. शनिवार, 8 नवम्बर 2025




राधिका आप्टे की साली मोहब्बत ओटीटी...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### गोरखधाम एक्सप्रेस का इंजन हुआ फेल, तीन घंटे खड़ी रही ट्रेन

**हाथरस।** इंजन फेल होने की सूचना कंट्रोल रूम को दी गई। रात करीब 2:39 बजे कि इस घटना के करीब 3 घंटे बाद 05:30 बजे ट्रेन को दूसरा इंजन लगाकर अलीगढ़ की ओर रवाना किया जा सका। उत्तर-मध्य रेलवे के कानपुर-दिल्ली रेलवे ट्रैक पर ट्रेन नंबर 12555 गोरखधाम एक्सप्रेस का हाथरस जंक्शन स्टेशन पर इंजन फेल हो गया। इसके चलते ट्रेन करीब 3 घंटे तक हाथरस जंक्शन स्टेशन पर खड़ी रही। दूसरे इंजन की सहायता से ट्रेन को अलीगढ़ की तरफ रवाना किया जा सका। गोरखपुर से भटिंडा की तरफ जा रही गोरखधाम एक्सप्रेस 8 नवंबर सुबह जैसे ही हाथरस जंक्शन स्टेशन को पार कर रही थी, इसी दौरान उसका इंजन फेल हो गया। ट्रेन हाथरस जंक्शन स्टेशन पर खड़ी हो गई। इंजन फेल होने की सूचना कंट्रोल रूम को दी गई। रात करीब 2-39 बजे कि इस घटना के करीब 3 घंटे बाद 05:30 बजे ट्रेन को दूसरा इंजन लगाकर अलीगढ़ की ओर रवाना किया जा सका।

### युवक पर जानलेवा हमला, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**हल्द्वानी।** काठगोदाम में एक युवक पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। युवक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि आरोपी राजू गोराई और उसके साथियों ने उसके साथ मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी दी। युवक ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में बताया है कि आरोपी राजू गोराई ने उसे अपने घर के पास मिलने के लिए बुलाया और अपने 3 भाइयों और साले के साथ मिलकर उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की। युवक ने बताया कि वह किसी तरह वहां से जान बचाकर भागा। युवक ने बताया कि आरोपी राजू गोराई ने उसे पहले भी व्हाट्सएप मेसेज के जरिए गंदी गालियां और मारने की धमकी दी थी, जिसका स्क्रीन शॉट उसके पास उपलब्ध है। युवक ने पुलिस से आरोपी राजू गोराई और उसके साथियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और उन्हें सजा दिलाने की मांग की है।

# दून एयरपोर्ट पर स्नेह राणा का ढोल नगाड़ों से स्वागत

देहरादून
हमारे संवाददाता

भारत के महिला क्रिकेट विश्व कप जीतने के बाद पहली बार देहरादून एयरपोर्ट पहुंची ऑल राउंडर स्नेह राणा का देहरादून एयरपोर्ट पर ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। स्नेह राणा सनौला, देहरादून की रहने वाली हैं। भारतीय महिला क्रिकेट टीम में ऑलराउंडर स्नेहा राणा ने देहरादून एयरपोर्ट पर कहा कि टीम इंडिया की कड़ी मेहनत से विश्व कप जीत पाए हैं। प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से भी टीम के साथ उन्होंने मुलाकात की है। उनके साथ काफी अच्छा अनुभव उनका रहा है। उन्होंने टीम का हौसला बढ़ाया। वहीं राज्य स्थापना दिवस पर वह मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री से भी मिल सकती हैं। उन्हें लेने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे उनके बड़े भाई कमल राणा और उनकी भाभी त्रृप्ता राणा ने कहा कि वर्ल्ड कप के लिए स्नेहा राणा ने काफी तैयारी की थी। कुछ समय पहले स्नेहाको चोट भी लगी थी। लेकिन इस चोट से उभर कर उन्होंने भारत को वर्ल्ड कप जिताया है। और पूरे विश्व में देहरादून और प्रदेश का नाम रोशन किया है।





### चंडीगढ़ पहुंची विश्व विजेता बेटियां

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान अमनजोत और हरलीन देओल के विश्व कप के बाद आज वापस आने की सूचना है। इसके बाद ही सरकार की तरफ से उनके स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं। विश्व कप जीतने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी आज चंडीगढ़ लौट आईं। मोहाली एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया गया। क्रिकेटर अमनजोत कौर ने कहा कि पूरा पंजाब हमारा स्वागत करने के लिए यहां मौजूद है। इससे बेहतर और क्या हो सकता है? प्रधानमंत्री से मुलाकात के बारे में उन्होंने कहा कि पीएम ने कैच के बारे में बात की। सूर्या भैया ने एक कैच लिया और मैंने भी एक कैच लिया, और दो विश्व कप घर आ गए।

ट्रेन में पहले दिन 400 से ज्यादा लोगों ने सफर किया

# काशी से रवाना हुई वंदे भारत पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी





नई दिल्ली
एजेंसी

हर-हर महादेव के जयघोष के साथ बनारस रेलवे स्टेशन पर पहली बार पीएम मोदी ने वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा।

बनारस रेलवे स्टेशन पर शनिवार की सुबह जैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बनारस से खजुराहो जाने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई, वहां मौजूद लोगों ने हर-हर महादेव का जयघोष किया और ट्रेन काशी से खजुराहो के लिए रवाना हो गई। लोगों ने हाथ उठाकर प्रधानमंत्री का अभिवादन भी किया। आठ कोच वाली इस उद्घाटन स्पेशल ट्रेन में पहले दिन 400 से ज्यादा लोगों ने सफर किया। सुबह 8.41 बजे बनारस से निकली ट्रेन शाम 4.30 बजे खजुराहो पहुंचेगी। बनारस रेलवे स्टेशन पर ऐसा पहली बार हुआ जब प्रधानमंत्री ने खुद किसी गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्लेटफॉर्म नंबर 8 पर प्रधानमंत्री सुबह 8.16 बजे पहुंचे। इसके बाद ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान चार ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इसमें बनारस से खजुराहो वाली ट्रेन को ऑफलाइन जबकि लखनऊ-सहारनपुर, फिरोजपुर कैंट- दिल्ली और एर्नाकुलम से बंगलूरू तक जाने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस का ऑनलाइन उद्घाटन किया गया। इससे पहले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रेलवे स्टेशन परिसर में आने पर स्वागत किया। प्लेटफार्म नंबर 8 पर मौजूद बड़ी संख्या मे लोगों ने हर हर महादेव, हर हर मोदी का जयघोष किया। इस दौरान प्रधानमंत्री के साथ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री धामी ने एफआरआई पहुंचकर लिया तैयारियों का जायजा, कल पहुंचेंगे पीएम मोदी

देहरादून
हमारे संवाददाता

राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती समारोह के तहत नौ नवंबर को होने वाले मुख्य कार्यक्रम में 75 हजार लोग शामिल हो सकेंगे। पीएम मोदी भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज एफआरआई पहुंचकर राज्य के रजत उत्सव आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारे लिए हर्ष का विषय है कि हम राज्य स्थापना दिवस के रजत वर्ष में प्रवेश करने जा रहे हैं। हमारे राज्य को पूर्व प्रधानमंत्री आदरणीय अटल जी ने बनाया और आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी इसको संवार रहे हैं। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री मारे राज्य के इस रजत उत्सव में प्रतिभाग करने आ रहे हैं ।

### दून में ढाई घंटे रुकेंगे पीएम

नौ नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के बीच यहां एक लाख लोगों के जुटने की उम्मीद जताई जा रही है। नौ नवंबर को राज्य स्थापना दिवस रजत जयंती के मुख्य कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह 11 बजे देहरादून पहुंच जाएंगे। वह करीब ढाई घंटे दून में रहेंगे। एफआरआई में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के बीच यहां एक लाख लोगों के जुटने की उम्मीद जताई जा रही है।



# कुपवाड़ा में मुठभेड़, सुरक्षाबलों ने दो घुसपैठियों को किया ढेर

जम्मू-कश्मीर
एजेंसी

कुपवाड़ा में ऑपरेशन पिंपल के तहत चल रहे अभियान में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। घुसपैठी की कोशिश को नाकाम करते हुए सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया गया है।

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई है। सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है। इसी के साथ सेना ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। इलाके में फिलहाल सर्च ऑपरेशन जारी है। इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी भारतीय सेना की चिनार कॉर्प्स ने दी है। खुफिया एजेंसियों से मिले विशेष इनपुट के आधार पर सेना और अन्य सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में एक संयुक्त अभियान शुरू किया था। चिनार कॉर्प्स के अनुसार, यह अभियान घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करने के लिए चलाया गया। ऑपरेशन के दौरान सतर्क जवानों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और आतंकियों को चेतावनी दी, जिसके जवाब में आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ में दो आतंकियों को मार गिराया है। इलाके में सर्च ऑपरेशन अभी जारी है और अतिरिक्त बलों को भी तैनात किया गया।

# दिल्ली में विमानों के जीपीएस सिग्नल में फेक अलर्ट

नई दिल्ली
एजेंसी

पिछले एक हफ्ते से दिल्ली में विमानों के जीपीएस सिग्नल में फेक अलर्ट आ रहे हैं। इसे जीपीएस स्पूफिंग कहते हैं। इसके तहत पायलटों को गलत लोकेशन और नेविगेशन डेटा अलर्ट मिल रहे हैं।

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर शुक्रवार सुबह एटीसी (एयर ट्रैफिक कंट्रोल) सिस्टम में आई तकनीकी गड़बड़ी के चलते उड़ान संचालन बाधित हो गया। इससे यात्रियों को घंटों तक इंतजार करना पड़ा। वहीं, पिछले एक हफ्ते से दिल्ली में विमानों के जीपीएस सिग्नल में फेक अलर्ट आ रहे हैं। इसे जीपीएस स्पूफिंग कहते हैं। इसके तहत पायलटों को गलत लोकेशन और नेविगेशन डेटा अलर्ट मिल रहे हैं। एयर ट्रैफिक कंट्रोल के सूत्रों के अनुसार दिल्ली के करीब 100 किमी के दायरे में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं। फ्लाइट रेगुलेटर डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) को इसके बारे में जानकारी दे दी गई है। दिल्ली पुलिस अधिकारियों के अनुसार, स्पूफिंग एक प्रकार का साइबर अटैक है, जो नेविगेशन सिस्टम को गुमराह करने के लिए फेक जीपीएस सिग्नल भेजता है। ज्यादातर इसका इस्तेमाल वॉर जोन में किया जाता है, ताकि दुश्मनों के ड्रोन और विमानों को नष्ट किया जा सके। एक पायलट ने बताया कि लैंडिंग के वक्त आया फेक अलर्ट। एक एयरलाइंस के पायलट ने बताया कि पिछले हफ्ते उन्होंने 6 दिन फ्लाइट उड़ाई और हर बार जीपीएस स्पूफिंग का सामना करना पड़ा। पायलट के मुताबिक, दिल्ली एयरपोर्ट पर एक बार फ्लाइट लैंड करने के दौरान, उसके कॉकपिट सिस्टम में अलर्ट आया कि आगे रूट पर कोई खतरा है। वास्तव में वहां ऐसा कुछ नहीं था। ऐसा ही कुछ अन्य फ्लाइट्स के साथ भी हुआ। इससे कई उड़ानों में देरी भी हुई। खुफिया सूत्रों ने बताया कि भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर जीपीएस स्पूफिंग आम बात है, लेकिन दिल्ली के ऊपर ऐसी घटनाएं असामान्य हैं। दिल्ली के आसपास आर्मी एक्सरसाइज के बारे में पायलटों और एटीसीओ को कोई सलाह भी नहीं दी गई थी, जिससे उन्हें सावधानी बरतने की आवश्यकता हो। नवंबर 2023 में डीजीसीए ने एयरलाइंस को एसओपी का पालन करने और जीपीएस स्पूफिंग की घटनाओं पर हर दो महीने में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया था। भारत ने अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) के सामने भी यह मामला उठाया था।



# कुमाऊँ विवि में प्रो. वर्मा का प्रेरक व्याखयान, विज्ञान के प्रति जगा नया उत्साह

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के डीएसबी परिसर के भौतिकी विभाग में शुक्रवार का दिन विज्ञान प्रेमियों के लिए ऐतिहासिक रहा जब देश के प्रखयात भौतिक वैज्ञानिक व शिक्षाविद् और कॉन्सेप्ट्स ऑफ फिजिकस जैसी विश्वप्रसिद्ध पुस्तक के लेखक प्रो. एच. सी. वर्मा ने विद्यार्थियों से संवाद किया।

उनके लोकप्रिय व्याखयान में नैनीताल क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 900 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिससे विद्यार्थियो में वैज्ञानिक ऊर्जा व उत्साह और जिज्ञासा का अद्भुत वातावरण उत्पन्न हुआ। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ भौतिकी विभाग में नवस्थापित आउटरीच एवं इनोवेशन प्रयोगशाला के उद्घाटन से हुआ। यह प्रयोगशाला विद्यालयों और विश्वविद्यालय के बीच एक जीवंत सेतु के रूप में कार्य करेगी जिससे विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक विज्ञान का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त होगा और उनमें नवाचार तथा अनुसंधान एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास होगा।



इस कार्यक्रम में भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय, शहीद स्मारक विद्यापीठ, चेतराम शाह तुलघरिया इंटर कॉलेज, अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, सेंट मेरीज कॉन्वेंट कॉलेज, ऑल सेंट्स कॉलेज तथा वुडब्रिज स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालयों के शिक्षकों और प्राचार्यों ने भी सक्रिय उपस्थिति दर्ज की जिससे यह आयोजन एक वृहद् शैक्षणिक संगोष्ठी का रूप ले सका।

अपने व्याखयान में प्रो. एच. पी. वर्मा ने अत्यंत सरल व रोचक और प्रेरक शैली में भौतिकी के सिद्धांतों को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान कोई कठिन विषय नहीं बल्कि यह प्रकृति को समझने की एक सुंदर प्रक्रिया है। इसे महसूस कीजिए प्रश्न पूछिए और प्रयोग कीजिए तभी सच्चा वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होगा।उनके व्याखयान ने विद्यार्थियों के मन में विज्ञान के प्रति नई चेतना तथा जिज्ञासा और आत्मविश्वास



का संचार किया।

कुविवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने इस अवसर पर प्रो. वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल सदैव ऐसे अकादमिक एवं आउटरीच कार्यक्रमों को प्रोत्साहन देता है जो विद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच ज्ञान संवाद और प्रेरक साझेदारी स्थापित करें। उन्होंने कहा कि आउटरीच एवं इनोवेशन प्रयोगशाला विश्वविद्यालय की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है जो एजूकेशन 5.0 के मानव केंद्रित और नवोन्मेषी शैक्षिक दृष्टिकोण को मूर्त रूप देती है।

भौतिकी विभाग की अध्यक्ष प्रो. शुचि बिष्ट ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि प्रो. वर्मा जैसे प्रेरक वैज्ञानिक की उपस्थिति न केवल विभाग बल्कि संपूर्ण विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि विभाग का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान को देखने व समझने और जीवन में अपनाने की प्रवृति विकसित करना है।

परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने विद्यार्थियों की अभूतपूर्व उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवा मन में वैज्ञानिक सोच और अनुसंधान की दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रो. सीमा पांडे ने किया तथा विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. चित्रा पांडे ने आभार ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकगण प्रो. संजय पंत समेत प्रो.एस.एस. बर्गली, प्रो. आर. पी. जोशी, प्रो. बिमल पांडे, प्रो. रमेश चंद्र, प्रो. आलोक दुर्गापाल, प्रो. अनिता पांडे, डॉ. गिरीश, डॉ. राजकुमार, डॉ. नंदन, डॉ. मनीषा, डॉ. विजय एवं प्रो. आशीष उपस्थित रहे।



# हल्द्वानी में जल जीवन मिशन की भौतिक प्रगति की समीक्षा की

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने कैंप कार्यालय, हल्द्वानी में जल जीवन मिशन की भौतिक प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में विकासखण्डवार जल जीवन मिशन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की। जल जीवन मिशन के नोडल अधीक्षण अभियंता विशाल सक्सेना ने अवगत कराया कि जनपद नैनीताल में जल जीवन मिशन के तहत रुपए 1128.12 करोड़ की धनराशि से 518 योजनाओं के माध्यम से जनपद नैनीताल के सभी विकासखंडों में 113788 संयोजन दिए जाने थे जिनमें से 1067 संयोजन अभी तक दे दिए गए हैं और 7723 संयोजन शेष हैं। इसके अतिरिक्त 518 में से 158 योजनाएं लंबित है जिन पर कार्य चल रहा है। जिलाधिकारी ने बैठक में निर्देश दिए की वर्तमान में संचालित सभी योजनाओं में कार्य समय पर पूर्ण हो इस हेतु प्रत्येक कार्य की समय सीमा निर्धारित हो। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के तहत जो पाइपलाइन सड़क काटकर/तोड़कर डाली गई है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है, दो सप्ताह के भीतर उसे ठीक करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनामिका, अपर जिलाधिकारी विवेक राय, अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी, सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी, उप जिलाधिकारी राहुल शाह, सहित जल संस्थान, लोक निर्माण विभाग व विद्युत विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मक्तेश्वर में विशेषज्ञों ने वन हेल्थ, वैक्सीन नवाचार और जीनोमिकस पर साझा किए नवाचारपूर्ण विचार

**धारी/मुक्तेश्वर**
हमारे संवाददाता

भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान मुक्तेश्वर में आयोजित भारतीय पशु प्रतिरक्षा एवं जैव प्रौद्योगिकी सोसायटी के वार्षिक अधिवेशन के दूसरे दिन वैज्ञानिक सत्रों में देशभर के पशु वैज्ञानिकों तथा शिक्षाविदों और उद्योग विशेषज्ञों ने पशु स्वास्थ्य, रोग नियंत्रण तथा वैकसीन नवाचार तथा विकसित भारत के लक्ष्य के संदर्भ में अपने विचार प्रस्तुत किए।

दूसरे दिन हुए वैज्ञानिक सत्रों की जानकारी देते हुए संयुक्त निदेशक डॉ यशपाल मलिक ने बताया कि डॉ एम सी शर्मा पूर्व निदेशक आईवीआरआई एवं शोध निदेशक तथा आसाम कृषि विश्वविद्यालय डॉ. पीण बोरा की अध्यक्षता में विभिन्न वैज्ञानिक सत्र आयोजित किये गए जिनमें टीकों तथा निदान और चिकित्सा विज्ञान में ओमिस और नवाचार विषयक सत्र में डॉ. गया प्रसाद पूर्व अपर महानिदेशक पशु विज्ञान आईसीएआर ने बताया कि आधुनिक खाद्य प्रणालियां किस प्रकार पशु वायरसों के प्रजातीय संक्रमण की संभावनाओं को बढ़ा रही हैं।

इसके पश्चात् डॉ आर पी सिंह निदेशक आईसीएआर.राष्ट्रीय मुख एवं खुर रोग संस्थान भुवनेश्वर ने सीमापार पशु रोगों की स्थिति और श्विकसित भारत से उसकी प्रासंगिकता पर व्याख्यान दिया। अन्य वक्ताओं में डॉ मीनाक्षी प्रसाद, डॉ रवि कांत अग्रवाल और डा एसण् मनोहरन ने टीकाकरणए रोग निदान और बायोटेनोलॉजिकल नवाचारों पर अपने अनुभव साझा किए।कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ कर्म चंद्र नेगी एवं डॉ अमित कुमार ने बताया कि अधिवेशन के अंतर्गत आईएसवीआईबी पुरस्कार सत्र में उत्कृष्ट शोध कार्य प्रस्तुत करने वाले वैज्ञानिकों को मंच प्रदान किया गया। दिन का समापन सांस्कृतिक संध्या के आयोजन से हुआ जिसमें प्रतिभागियों ने संस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का आनंद लिया।

## NEWS / फटाफट

### राज्य स्थापना दिवस पर जिले में आज होगा आन्दोलनकारियों का सममान समारोह :डीएम

**नैनीताल** । जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने अवगत कराया है कि मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में उत्तराखण्ड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य राज्य आन्दोलनकारी सममान समारोह शनिवार (आज) आयोजित किया जा रहा है। डीएम रयाल के मुताबिक यह समारोह जिला कार्यालय प्रांगण नैनीताल सहित तहसील धारी, खनस्यूँ तथा श्री कैंची धाम एवं बेतालघाट क्षेत्र के कुल अनुमानित 236 राज्य आन्दोलनकारियों के सममान के लिए आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में राज्य आन्दोलनकारियों के साथ-साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं सममानित महानुभाव एवं अन्य गणमान्य अतिथि की उपस्थिति रहेगी।जिलाधिकारी ने बताया कि इस आयोजन को सफ ल तथा सुव्यवस्थित एवं यादगार बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों को दायित्व सौंप दिए गए हैं। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता निर्माण खंड, जिला पूर्ति अधिकारी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, जिला उद्यान अधिकारी, मुखय शिक्षा अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की जिमेदारी सौंपी गई है।

### राज्य आंदोलनकारी गुरुरानी ने किया पौधरोपण



**नैनीताल** । राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा चलाया जा रहा राज्य में अनूठा पौधारोपण अभियान शुक्रवार को 480वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 480वें दिन मां उल्का देवी मंदिर परिसर पिथौरागढ़ में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत अपने पिताजी स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया ।दिनेश गुरु रानी ने कहा कि उनका पौधा रोपण अभियान 3 जुलाई 2024 से संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के बैनर तले नियमितिकरण की मांग को लेकर चलाया गया। जिसके तहत निगम कर्मचारियों के साथ मिलकर कुमाऊं व गढ़वाल मंडल विकास निगम की समस्त इकाइयों के परिसरों में पौधारोपण किया।

**नोट**
समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# विशेष समुदाय के युवक पर युवती को भगाने के मामले आया फिर उबाल

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

**मांग**
- पुलिस प्रशासन से मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग

नगर के मल्लीताल क्षेत्र की एक युवती को बहला फुसलाकर भगाने के मामले में शुक्रवार को बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी व कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे। उन्होंने पुलिस प्रशासन पर कार्रवाई में देरी का आरोप लगाते हुए तत्काल युवती की बरामदगी और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में लगातार किशोरियों और युवतियों को बहला फुसलाकर भगाने के मामले सामने आ रहे हैं लेकिन पुलिस प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पा रही है। इससे स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। सूचना पर पहुंचे सीओ अमित कुमार ने लोगों को आश्वस्त किया कि पुलिस मामले की जांच पूरी गंभीरता से कर रही है और जल्द ही युवती को बरामद कर लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर पहले ही आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर किया है और जांच जारी है। इस दौरान पूरन जोशी प्रांत सहसंयोजक बजरंग दल, अजय भगत अध्यक्ष सितारगंज विश्व हिंदू परिषद, मनोज कुमार संयोजक प्रखंड नैनीताल, बजरंग दल विवेक वर्मा जिला सहमंत्री विश्व हिंदू परिषद, कुणाल बेदी विद्यार्थी प्रमुख बजरंग दल, आकाश, रजत, रौनक तथा कृष्ण व रितिक आदि रहे।

# धूमधाम से मना स्काउटिंग का स्थापना दिवस

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

भारत स्काउट एवं गाइड्स के स्थापना दिवस पर एवं राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज में तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक आवासीय छात्रावास हल्दुचौड़ में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्रात- कालीन सत्र में छात्रावास के बालकों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया, तदोपरांत समस्त विद्यार्थियों द्वारा वंदे मातरम का सामूहिक गायन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वचन को एक साथ बैठकर सुना। इसके पश्चात एक नवाचारी पहल करते हुए उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस आयोजनों को मूर्त रूप देते हुए प्रशिक्षु अध्यापकों की पहल पर बच्चों द्वारा उत्तराखंड का वृहद नकशा तैयार कर खेल-खेल में शिक्षण के माध्यम से उत्तराखंड के जनपदों की रोचक जानकारियां दी गई। भारत स्काउट एवं गाइड्स के




स्थापना दिवस के अवसर पर इन्नोवेटिव स्काउट एवं गाइड्स ओपन ग्रुप की पहल पर सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की गई एवं आगामी जंबूरी की तैयारी हेतु पेट्रोल इन काउंसिल के माध्यम से तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्य गणपत सिंह सेंगर, स्काउट ग्रुप लीडर एवम वार्डन डॉ. हिमांशु पांडे सहित शिक्षकों दिनेश जोशी, भुवन चंद्र मठपाल, राजेश पांडे, महेश जोशी, मोहित मेवाड़ी, सरस्वती बृजवाल, सीमा जोशी तथा प्रशिक्षु अध्यापकों कविता धरियाल, स्वाति भट्ट, शोभा भट्ट, निष्ठा जोशी, पूजा सुनाल, देवेश जोशी, दिया, लक्ष्मण सिंह खेतवाल, हर्षिता जीना, कंचन चंदोला, महेश आर्य, कामिनी पांडे तथा भावना पांडे आदि द्वारा सराहनीय योगदान दिया गया।

# अभिमत

## दलगत राजनीति से ऊपर

*पक्ष-विपक्ष के बीच नोकझोंक के बावजूद दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राज्य के गठन का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को देने के साथ ही उत्तराखंड राज्य के विकास की नींव रखने के लिए विकास पुरुष नारायण दत्त तिवारी की सराहना की गई। सत्तारूढ़ भाजपा के मंत्री ने स्वीकार किया कि एनडी तिवारी ने राज्य को मूर्तरूप दिया। राज्य गठन के बाद कांग्रेस और भाजपा सत्ता में रही हैं। राज्य आंदोलनकारियों की अवधारणा के अनुरूप पर्वतीय राज्य का विकास नहीं होने के लिए दोनों ही पार्टियां जिम्मेदार हैं।*

उत्तराखंड राज्य के गठन की रजत जयंती के उपलक्ष्य में विधानसभा के तीन दिवसीय विशेष सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का सम्बोधन देवभूमि के स्वर्णिम इतिहास की उपलब्धि माना जाना चाहिए। पक्ष और विपक्ष ने समस्याओं को लेकर परस्पर आरोप-प्रत्यारोप से हटकर राज्य के भविष्य के लिए ठोस रूपरेखा तैयार नहीं की, जबकि विशेष सत्र का उद्देश्य यही था। पक्ष-विपक्ष के बीच नोकझोंक के बावजूद दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राज्य के गठन का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को देने के साथ ही उत्तराखंड राज्य के विकास की नींव रखने के लिए विकास पुरुष नारायण दत्त तिवारी की सराहना की गई। सत्तारूढ़ भाजपा के मंत्री ने स्वीकार किया कि एनडी तिवारी ने राज्य को मूर्तरूप दिया। राज्य गठन के बाद कांग्रेस और भाजपा सत्ता में रही हैं। राज्य आंदोलनकारियों की अवधारणा के अनुरूप पर्वतीय राज्य का विकास नहीं होने के लिए दोनों ही पार्टियां जिम्मेदार हैं। विपक्ष में होने पर सरकार पर उंगली उठाने वाले अपनी सरकार के कामों को भूल जाते हैं। केन्द्र में जब भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार थी, तब नौ नवंबर, 2000 को उत्तराखंड राज्य का गठन किया गया। विधानसभा चुनाव में इसी मुद्दे पर भाजपा सत्ता हासिल करने में सफल होती है। कांग्रेस अपनी उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए राज्य की पहली निर्वाचित सरकार के मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी के कार्यों पर गर्व करती है। संसदीय कार्य मंत्री ने नारायण दत्त तिवारी को याद करके उनके योगदान को स्वीकार किया। इसी के साथ कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करते हुए आरोप लगाया कि एनडी तिवारी की सरकार को अस्थिर करने के प्रयास कांग्रेस ने ही किये थे। संसदीय कार्य मंत्री का यह आरोप सही है। तिवारी सरकार का विरोध करने वालों की वर्तमान में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में गिनती होती है। राज्य का प्रशासनिक ढांचा तैयार करने का कठिन कार्य एनडी तिवारी के अनुभव से ही संभव हो सका। पिछड़े राज्य का कलंक मिटाने के लिए औद्योगिक क्रांति लाने का काम भी तिवारी की सूझबूझ और दूरदृष्टि का प्रतीक है। उत्तराखंड में औद्योगिक आस्थानों की स्थापना करके देश के बड़े उद्योग समूहों की इकाई स्थापित कराईं और लाखों लोगों को प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से रोजगार मिला। देश के औद्योगिक मानचित्र पर उत्तराखंड का नाम अंकित हो गया। कटु सत्य यह है कि एनडी तिवारी के बाद कांग्रेस और भाजपा की कोई भी सरकार उनके काम के आसपास भी नहीं पहुंच सकी है। यदि उसी तरह काम होता तो 25 साल का युवा राज्य देश का विकसित और संपन्न प्रदेश हो जाता तथा पलायन की समस्या का समाधान हो जाता।

# वित्तीय साक्षरता को समृद्ध करने को लेकर कार्यशाला

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



महालेखाकार उत्तराखण्ड कार्यालय द्वारा राज्य सरकार के अधिकारियों समेत आहरण एवं संवितरण अधिकारियों एवं कोषाधिकारियों की वित्तीय साक्षरता को समृद्ध करने के उद्देश्य से एक उच्चस्तरीय कार्यशाला नैनीताल कलब में आयोजित की गई।

कार्यक्रम में मुखय अतिथि के रूप में जयन्त सिन्हा उप नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक एवं अध्यक्ष जीएएसएबी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई तथा कार्यक्रम का नेतृत्व मोहममद परवेज आलम महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तराखण्ड ने किया।कार्यशाला में वरिष्ठ उप महालेखाकार, उप महालेखाकार, कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तराखण्ड देहरादून, जिलाधिकारी नैनीताल, अतिरिक्त आयुक्त कुमाऊँ मंडल अतिरिक्त जिलाधिकारी नैनीताल, उप जिलाधिकारी नैनीताल, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों तथा कोषाधिकारियों, संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारियों तथा संबंधित प्रभागीय लेखा अधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के प्रारंभ में मोहमद परवेज आलम ने सभी गणमान्य अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया और अवगत कराया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य वित्तीय साक्षरता को सुदृढ़ करना, सामान्य भविष्य निधि से संबंधित जागरूकता बढ़ाना, मिलान प्रक्रियाओं में सुधार लाना तथा सरकारी लेखांकन में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि ऐसे क्षमता विकास कार्यक्रम राज्य के विभिन्न जिलों में निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। अपने संबोधन में मुखय अतिथि जयन्त सिन्हा ने कहा कि आहरण एवं संवितरण अधिकारियों एवं कोषाधिकारियों द्वारा समयबद्ध एवं सटीक लेखांकन राज्य सरकार के वार्षिक लेखों की गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता को सुनिश्चित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने वित्त विभाग, कोषागार व आहरण एवं संवितरण अधिकारियों और महालेखाकार कार्यालय के बीच घनिष्ठ समन्वय को सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन के सुदृढ़ीकरण के लिए अनिवार्य बताया।सामान्य भविष्य निधि से संबंधित अनेक अंतिम भुगतान प्राधिकरण जयन्त सिन्हा उप नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा संबंधित अभिदाताओं को वितरित की गईं। इन्हें प्राप्त कर अभिदाताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की एवं महालेखाकार कार्यालय के प्रति आभार प्रकट किया।

इसके उपरांत लोकेश दताल वरिष्ठ उप महालेखाकार तथा एस.सी. ममगाई उप महालेखाकार सहित महालेखाकार कार्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा वित्तीय नियमों तथा सामंजस्य संबंधी मुद्दों एवं त्रुटिहित सरकारी लेखांकन के सर्वोत्तम तरीकों पर प्रस्तुतियाँ दी गईं।

## नैनीताल में फिर भड़का पुराना प्रॉपर्टी विवाद

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल स्थित मेविला कंपाउंड क्षेत्र में स्थित एक पुराने प्रॉपर्टी विवाद ने एक बार फि र तूल पकड़ लिया है। शुक्रवार को कई संगठनों के पदाधिकारियों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार मेविला कंपाउंड क्षेत्र में सुदर्शन साह का अनामिका होटल स्थित है। सुदर्शन का आरोप है कि कुछ विशेष समुदाय के लोगों ने बाहरी व्यक्तियों के साथ मिलकर बैंक की मिलीभगत से उनके होटल पर कब्जा कर लिया है। वहीं वर्तमान में होटल का संचालन कर रहे मोहमद अलीम का कहना है कि उन्होंने होटल को 10 वर्षों की लीज पर लिया था और इसके लिए एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि अदा की थी। बाद में उन्हें पता चला कि होटल पहले ही बिक चुका था। इसके बाद उन्होंने होटल के असली मालिक दीपक अरोड़ा के साथ मिलकर संचालन शुरू किया।

# नैनीताल में हुई राज्य स्तरीय वाद्य यंत्र प्रतियोगिता

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**



उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती के अवसर पर शुक्रवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के डीएसबी परिसर में राज्य स्तरीय वाद्य यंत्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से मौजूद दर्शकों का मन मोह लिया था। इस मौके पर ढोल,बांसुरी तथा हारमोनियम के साथ तबला की प्रस्तुति हुई।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राहुल (उत्तराखंड मुक्त विश्वविधालय) जबकि द्वितीय स्थान आशुतोष भट्ट (दून विश्वविद्याल) तथा तृतीय पुरस्कार शिवम् भट्ट (श्री देव सुमन विश्वविधालय) ने प्राप्त किया। परिसर के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत ने विजेताओं को प्रमाण पत्र तथा ऑनलाइन माध्यम से 21 एवं 11 एवं 5 हजार रुपएं की धनराशि का पुरस्कार प्रदान किया। कॉर्डिनेटर डॉ. रवि जोशी ने बताया कि विद्यार्थियों ने उत्कृष्टता से तथा उत्तराखंड के सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत किया। प्रमाण पत्र उच्च शिक्षा सचिव डॉ रंजीत सिन्हा तथा कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत के हस्ताक्षरों से जारी किए गए थे जो सभी प्रतिभागियों को प्रदान किए गए है। बता दें कि प्रतियोगिता के प्रायोजक आम्रपाली विश्वविधालय हल्द्वानी रहा तथा प्रतियोगिता में कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल समेत शोभन सिंह जीना विश्वविधालय अल्मोड़ा, श्री देव सुमन विश्वविधालय तथा दून विश्वविधालय के टॉप टेन प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

निर्णायक डॉ. महेश पांडे हल्द्वानी तथा कुमाऊं विश्वविधालय के डॉ रवि जोशी रहे। सभी प्रतिभागियों को कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत, कुलसचिव डॉ मंगल सिंह मंद्रवाल,कॉर्डिनेटर प्रो. ललित तिवारी समेत प्रो. रितेश साह, प्रो. महेंद्र सिंह राणा, डॉ.बीना पांडे तथा डॉ अलंकार, डॉ लक्ष्मी तथा डॉ संध्या ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# फिल्मी दुनिया

## राधिका आप्टे की साली मोहब्बत ओटीटी पर रिलीज को तैयार




*राधिका आप्टे ने साल 2005 में फिल्म वाह! लाइफ हो तो ऐसी से बॉलीवुड में कदम रखा था। 2024 में वह फिल्म सिस्टर मिडनाइट में नजर आई थीं। बॉलीवुड में राधिका आप्टे अपनी अलग अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। वह इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म साली मोहब्बत% को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। इसे पहले आईएफएफआई गोवा में और शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में दिखाया जा चुका है। यह फिल्म एक छोटे शहर की गृहिणी स्मिता की कहानी है। उसका शांत और सरल जीवन तब बिखरने लगता है जब उससे जुड़े कई रहस्य उजागर होने लगते हैं। फिल्म साली मोहब्बत में बेवफाई और धोखे जैसे विषय दिखाए गए हैं। फिल्म जल्द ही जी5 पर रिलीज होने वाली है।*

*टिस्का चोपड़ा ने वैरायटी को फिल्म के बारे में बताते हुए कहा, मैं हमेशा से रिश्तों की सतह के नीचे मौजूद शांत तनावों को जानने में दिलचस्पी रखती हूं। उन चीजों को भी जानने की इच्छुक रही हूं, जिनसे प्यार किसी गहरे अंधेरे में बदल सकता है। टिस्का चोपड़ा ने आगे कहा कि फिल्म का निर्देशन करने से उन्हें महिला फिल्म निर्माताओं के लिए बनाई गई सीमाओं से आगे बढ़ने का मौका मिला।*

### फिल्म की स्टारकास्ट

*टिस्का चोपड़ा के निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म में राधिका आप्टे के अलावा दिव्येंदु शर्मा, अनुराग कश्यप, अंशुमान पुष्कर, सौरसेनी मैत्रा और शरत सक्सेना हैं। फिल्म का प्रोडक्शन जियो स्टूडियोज और मनीष मल्होत्रा के स्टेज5 प्रोडक्शन ने किया है।*

*राधिका आप्टे ने साल 2005 में वाह! लाइफ हो तो ऐसी फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखा था। 2024 में वह फिल्म सिस्टर मिडनाइट में नजर आई थीं। इसके बाद वह 2025 में अमेरिकन फिल्म लास्ट डेज में नजर आईं।*

# 25वां उत्तराखंड दिवस पर नन्हें-मुन्नों ने बिखेरा संस्कृति का रंग

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

बी.एल.एम. एकेडमी में 25वाँ उत्तराखंड स्थापना दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने कुमाऊँनी पारंपरिक वेशभूषा में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने लोकगीतों और नृत्यों के माध्यम से उत्तराखंड की समृद्ध संस्कृति का सुंदर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं जूनियर विंग कोऑर्डिनेटर श्रीमती यास्मीन अली द्वारा किया गया, जिन्होंने सभी शिक्षकों और बच्चों का हार्दिक स्वागत किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने अपने उद्बोधन में कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति, परंपरा और लोककला हमारी अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में अपने राज्य के प्रति गर्व, सम्मान और जुड़ाव की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में शिक्षकगण एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे विद्यालय परिसर में उल्लास एवं देशभक्ति का वातावरण छा गया।



## News कॉर्नर

### हाईकोर्ट ने नेशनल हाइवे को पक्षकार बनाने की मांग को किया स्वीकार

**नैनीताल ।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय खेलों के दौरान काठगोदाम से हटाये गये लोगों द्वारा अपने पुनर्वास को लेकर दायर याचिका की सुनवाई करते हुए इस मामले में नेशनल हाइवे को पक्षकार बनाने की मांग को स्वीकार कर लिया है। शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश जी नरेन्दर और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में काठगोदाम निवासी आफताब आलम की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट को बताया गया कि राष्ट्रीय खेलों के दौरान काठगोदाम से आनन-फानन में कई लोगों को हटा दिया गया। उन्हें नोटिस भी नहीं दिया गया। सरकार ने कहा कि यह यह क्षेत्र लोक निर्माण विभाग के बजाय एनएच के अधिकार क्षेत्र में आता है। याचिकाकर्ता की ओर से एनएच को पार्टी बनाने की मांग की गयी। जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। याचिकाकर्ता की ओर से पीड़ितों को बसाने की मांग की गयी है।

### नदियों से सिल्ट हटाने के मामले को लेकर हाईकोर्ट में सुनवाई होगी 10 को

**नैनीताल ।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नंधौर, गौला, कोसी, गंगा व दाबका सहित अन्य नदियों से सिल्ट हटाने व नदियों को चैनेलाइज करने को लेकर स्वत: संज्ञान लेकर दायर जनहित की सुनवाई के बाद अगली सुनवाई की तिथि सोमवार 10 नवंबर तय की है। नदियों से वर्षात के समय हो रहे भू-कटाव व नदियों के मुहाने अवरुद्ध होने के कारण आबादी क्षेत्रों में जल भराव व भू कटाव होने के संबंध में गौलापार निवासी आरटीआई कार्यकर्ता भुवन पोखरिया द्वारा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश को भेजे शिकायती पत्र का कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर इसे जनहित याचिका के रूप में पंजीकृत किया है ।

# श्री राम सिंह मेमोरियल जनपद वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैंसी कॉन्वेंट स्कूल परिसर में आयोजित श्री राम सिंह मेमोरियल जनपद वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में जनपद के 27 विद्यालयों की बालक एवं बालिका टीमों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। पूरे आयोजन में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल व अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया।

कार्यक्रम के मुखय अतिथि दैनिक जागरण हल्द्वानी के असिस्टेंट जीएम (मार्केटिंग) विनय कृष्ण तिवारी रहे। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफ ी समेत मेडल, प्रमाणपत्र एवं उपहार प्रदान किए। मुखय अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि खेल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, एकता व अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी।



नैंसी एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह ने मुखय अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर है और शिक्षा के साथ खेल एवं सह.पाठ्यक्रमिक गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। प्रधानाचार्या हिना ने मुखय अतिथि का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया तथा प्रबंध निदेशक इंजीनियर आई.पी. सिंह ने सभी खिलाड़ियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में प्रथम स्थान सरस्वती एकेडमी हल्द्वानी जबकि द्वितीय स्थान केंद्रीय विद्यालय हल्द्वानी तथा तृतीय स्थान गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल हल्द्वानी ने हासिल किया जबकि बालक वर्ग में प्रथम स्थान हेरिटेज स्कूल हल्द्वानी,द्वितीय स्थान सरस्वती एकेडमी हल्द्वानी व तृतीय स्थान असेंट पबलिक स्कूल हल्द्वानी ने हासिल किया। पूरे आयोजन का संचालन देवेंद्र सिंह भंडारी एवं शिक्षकों की टीम ने सफलतापूर्वक किया। प्रतियोगिता का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# लम्बे समय से चल रहे आन्दोलन का आक्रोश एक बड़े आन्दोलन में बदलेगा: बहादुर सिंह

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

बागजाला ग्राम में सड़क मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा बजट जारी होने के बावजूद सड़क निर्माण कार्य शुरू न होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने अखिल भारतीय किसान महासभा के बैनर तले डीएफओ कार्यालय पर 83 वें दिन का धरना दिया।

डीएफओ कार्यालय पर चल रहे 83 वें दिन के धरने को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने पूंजीपतियों को कौड़ियों के दाम जमीनें देने के लिए भूमि(लैंड) बैंक बनाए हुए हैं। आमजन से जमीनें खाली कराकर पूंजीपतियों को सौंप दी जा रही हैं। उन्होंने कहा यदि वन विभाग सहमति प्रदान नहीं करता है तो आंदोलन को वन विभाग के कार्यालय पर ही शिफ्ट कर दिया जायेगा। किसान महासभा के जिलाध्यक्ष भुवन जोशी ने कहा कि पूरी लालकुआं विधानसभा की



अधिकांश आबादी कच्ची जमीनों पर ही निवास करती है। यहां से भाजपा के विधायक को इसी कारण जनता ने जिताया था कि वे यहां की जमीनों पर दशकों से काबिज लोगों को मालिकाना हक देने के लिए नीति बनवाएंगे।

किसान महासभा की बागजाला कमेटी की अध्यक्ष डॉ उर्मिला रैंसवाल ने कहा कि आज 83दिन अनिश्चितकालीन धरने को हो चुके हैं। लेकिन प्रशासन के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है। जिस सड़क को जल जीवन मिशन की पाइप लाइन बिछाने के लिए तोड़ दिया गया। धरने में भाकपा (माले) बिंदुखत्ता सचिव पुष्कर दुबड़िया, वेदप्रकाश, किशन बघरी, विमला रौथाण, प्रेम सिंह नयाल, दीवान सिंह बर्गली, पंकज चौहान, नैन सिंह कोरंगा, ललित मटियाली, मीना भट्ट, सुलेमान मलिक, ललित प्रसाद, नसीम अहमद, सुनीता देवी, तुलसी देवी, आशा देवी, मुन्नी देवी, निर्मला शाही, चेतन मटियाली, सुनीता प्रजापति, कमल जोशी, आनंद सिंह दानू सहित दर्जनों ग्रामीण व किसान महासभा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# काठगोदाम में महिला के साथ अश्लील हरकत, पिता पर जानलेवा हमला

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

काठगोदाम क्षेत्र के दमुआ धुंगा खाम में बीती रात एक परिवार पर पड़ोसियों द्वारा किए गए हमले से सनसनी फैल गई। घटना में पीड़िता के पिता को गंभीर चोटें आई, जिन्हें तत्काल सोबन सिंह जीना अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता मीना मौर्या, पुत्री होरी लाल मौर्या, निवासी जवाहर ज्योति, दमुआ धुंगा खाम, काठगोदाम, ने थाने में दी तहरीर में बताया कि रात करीब 10 बजे उनका परिवार खाना खाकर सोने की तैयारी में था। इसी दौरान पड़ोसी चन्दू मौर्या, राहुल मौर्या, संजू मौर्या, तनुज मौर्या व कुछ अन्य व्यक्ति उनके घर में जबरन घुस आए। आरोप है कि उक्त व्यक्तियों ने मीना मौर्या के साथ अश्लील हरकतें कीं, जबर्दस्ती उठाने का प्रयास किया और विरोध करने पर उनके कपड़े फाड़ दिए। जब मीना के पिता ने बीच-बचाव किया तो हमलावरों ने उन पर लोहे की रॉड से वार किया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आईं और आठ टांके लगे। पीड़िता के अनुसार, हमलावरों ने पिता को कमरे से घसीटकर बाहर सड़क पर लाकर भी मारा और जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह मौका पाकर मीना ने नजदीकी पुलिस चौकी जाकर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। पुलिस ने मौके से हमले में प्रयुक्त लोहे की रॉड बरामद की और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, पीड़िता ने बताया कि कुछ देर बाद आरोपी दोबारा घर पहुंचे और पूरे परिवार को जान से मारने व घर में आग लगाने की धमकी दी। फिलहाल पीड़िता के पिता का अस्पताल में इलाज जारी है और परिवार दहशत के माहौल में है।

**आरोप**

- पीड़िता ने पड़ोसियों पर लगाया जबरन घर में घुसकर मारपीट व धमकी देने का आरोप

# बेतालघाट डिग्री कालेज में हुई राज्य की रजत जयंती पर कई प्रतियोगिताएं

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के शहीद श्री खेमचंद डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती के अवसर पर गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

उत्तराखण्ड राज्य स्थापना के रजतोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत स्केचिंग, वाद विवाद समेत नृत्य तथा निबन्ध आदि प्रतियोगिताएं हो रही हैं उसी क्रम में आज गायन प्रतियोगिता हुई, कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर विनय कुमार विद्यालंकार द्वारा की गयी। प्रो विद्यालंकार ने छात्र छात्राओं को राज्य स्थापना के रजत जयंती कार्यक्रमों में उत्साह से भाग लेने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य बड़े संघर्षों व आन्दोलनों के बाद गठित हुआ अपने राज्य ने 25 वर्ष की यात्रा में अनेक उपलब्धियां प्राप्त की हैं और भी बहुत कुछ पाने के लिए सभी को प्रयास करने होंगे। आज आयोजित गायन प्रतियोगिता में सरोजनी बी ए प्रथम सेमेस्टर, सुनील सिंह बीए प्रथम सेमेस्टर तथा पिंकी आर्या बीए पंचम सेमेस्टर ने प्रतिभाग किया। उन्होंने अपने गीतों में उत्तराखंड की संस्कृति को दर्शाया। निर्णायक मंडल में श्रीमती ममता पांडे एवं डॉ निर्मला रही। प्रतियोगिता के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य ने उत्तराखंड राज्य को युवा राज्य बताते हुए इसके गठन पर प्रकाश डालासाथ ही उन्होंने राज्य की चुनौतियां एवं विकास की दिशा पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ दीपक ने किया।



### कच्ची शराब समेत एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाना क्षेत्र के अंतर्गत लामाचौड़ क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 5 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद की। जानकारी के अनुसार लामाचौड़ पुलिस आम्रपाली क्षेत्र में शांति व्यवस्था व रोकथाम जुर्म की गश्त पर थे। पुलिस को मुखबिर खास से सूचना मिली कि लामाचौड़ चौराहे के पास की गली में पूरन नामक व्यक्ति अपने घर से अवैध कच्ची शराब बेच रहा है।

# कारोबारियों ने शहर में मल्टी नेशनल कंपनियों के अवैध फड़ लगने की शिकायत की

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के मल्लीताल मुखय बाजार में इन दिनों अवैध तरीके से मल्टी नेश्नल कंपनियों के कैनोपी लगाए जा रहे हैं। कारोबारियों ने अवैध तरीके से बाजारों में लगी कैनोपी को हटाने की मांग को लेकर ईओ को ज्ञापन सौंपा है।

पालिका ईओ को ज्ञापन सौंपते हुए कारोबारियों ने कहा है कि सिम बेचने वाली बड़ी बड़ी कंपनियों की कैनोपी पिछले चार वर्षों से लगातार मल्लीताल बाजार में जमी हुई हैं। कारोबारियों का कहना है कि सामान्यत: कंपनियां प्रचार प्रसार के लिए प्रशासन की अनुमति के बाद एक या दो दिन के लिए कैनोपी लगाती हैं ताकि ग्राहक को उनकी सेवाओं की जानकारी मिल सके लेकिन नैनीताल में यह कैनोपी अब स्थायी फड़ का रूप ले चुकी हैं। इन कैनोपी में कंपनी के कर्मचारी बैठकर सिम कार्ड और मोबाइल बेच रहे हैं। स्थानीय व्यापारियों में इस बात को लेकर गहरा रोष है। उनका कहना है कि वह सरकार को टैक्स देते हैं, किराया भरते हैं व जीएसटी जमा करते हैं लेकिन इन बड़ी कंपनियों को न तो कोई रोकता है व न ही नगर पालिका की ओर से कोई कार्यवाही होती है। छोटे दुकानदार अगर सड़क पर थोड़ा भी सामान रख दें तो चालान कर दिया जाता है। फि र इन कंपनियों पर नियम कयों लागू नहीं होते? उन्होंने पालिका के ईओ से मामले में कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में शीतल तिवारी समेत दया किशन, बृजेश राज व दिनेश व गोविंद सिंह शामिल हैं।

# नैनीताल में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर कई कार्यक्रम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

पंचशूल लोकटर्स के तत्वाधान में शुक्रवार को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर ऐतिहासिक गर्व व हर्षोल्लास के साथ एक समारोह मनाया गया। इस अवसर पर 205 साटा यूनिट कैलाखान ने एक स्वर में वंदे मातरम् गीत गाकर माँ भारती को नमन किया और राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया।

कर्नल प्रदीप सिंह अधिकारी ने बताया वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं बल्कि भारत के आत्म,सम्मान, एकता और स्वतंत्रता संग्राम का अमर प्रतीक है। इस गीत ने भारतीय जनमानस में स्वाभिमान और आज़ादी के प्रति जोश भरने का कार्य किया था। आज भी यह गीत हर भारतीय के हृदय में देशप्रेम की भावना को जागृत करता है। वंदे मातरम्



हमारे राष्ट्र की आत्मा से जुड़ा गीत है जो हमें एक सूत्र में पिरोता है और हमारी संस्कृति तथा गौरव एवं एकता की भावना को सशक्त बनाता है। यह संकल्प लिया कि देशभक्ति और एकता के इस संदेश को हर पीढ़ी तक पहुंचाया जाएगा। दूसरी ओर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पुलिस ने किया सामूहिक गान का आयोजन एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टीसी के निर्देश पर एसपी डॉ. जगदीश चंद्रा ने पुलिस लाईन नैनीताल में सामूहिक गान का आयोजन किया । जिसमें पुलिस कार्यालय नैनीताल व पुलिस लाईन नैनीताल में तैनात पुलिस कर्मियों ने प्रतिभाग किया। इसके अतिरिक्त जनपद के सभी थानों कार्यालयों में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और पुलिस अधिकारी कर्मियों ने राष्ट्रीय गीत गाया। इस दौरान डॉ जगदीश चन्द्रा ने कहा कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संपूर्ण देश में राष्ट्रव्यापी समारोहों का आयोजन किया जा रहा है। कुविवि के डीएसबी परिसरए नैनीताल की 79 यूके बटालियन एनसीसी द्वारा देशभक्ति, एकता और समर्पण की भावना से ओतप्रोत वातावरण बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत एनसीसी कैडेटों द्वारा श्वंदे मातरमश् के सामूहिक गायन से हुई। इस आयोजन का नेतृत्व सीटीओ प्रोण् आशीष मेहता एवं पीआई श्री करम ने किया। इस अवसर पर पोस्टर निर्माण, निबंध लेखन और वाद.विवाद प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं जिनमें कैडेटों ने अपनी रचनात्मकता शोध क्षमता और वाकपटुता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों ने श्वंदे मातरमश् के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर गहन विचार प्रस्तुत किए।